# 9

# समूह विश्लेषण (Goup Analysis)

इनमें छोटा-बड़ा, हल्का-भारी, कम-ज्यादा, सस्ता-महंगा, गरीब-अमीर, काला-गोरा, वरीष्ठ-कनिष्ठ, दायॉ-बायॉ आदि दो विपरित गुणों पर आधारित प्रश्न होते है। इन्हे कागज मे एक तरफ एक गुण तथा दुसरी तरफ दूसरा गुण लिखकर व्यक्तियों, शहरों या वस्तुओं की व्यवस्था करनी चाहिए।

**उदाहरण.** राम के बैंक खाते में गोपाल से अधिक धनराशि है, परन्तु मोहन से कम है। अकबर के खाते में अर्जुन से कम राशि है, परन्तु राम से अधिक है। यदि मोहन के खाते में अकबर से कम राशि हां तो सबसे अधिक धनवान कौन है ?

(a) अर्जुन (b) अकबर (c) मोहन (d) गोपाल

**हल : (a)** धनवान से गरीब का अनुक्रम निम्न है।

अधिाक ← अर्जुन > अकबर > मोहन > राम > गोपाल → कम

## बहुगुणो ( दो, तीन या चार गुणों ) पर आधारित प्रश्न

इनमें गुणों के आधार पर व्यक्तियों का समुच्चय या व्यक्तियों के आधार पर गुणों का समुच्चय बनाकर उत्तर की घोषणा आसानी से की जा सकती है।

**उदाहरण .** तीन मित्र सिनेमा जाने की योजना बनाते हैं। अवधेश कहता है 'मैं केवल शुक्रवार, शनिवार और सोमवार को खाली हूँ', ललित कहता है ' मैं केवल बुधवार, शुक्रवार और रविवार को खाली हूँ'। मनीष कहता है 'मै केवल सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को खाली हूँ। निम्नलिखित में से किस दिन तीनों साथ - साथ सिनेमा देखने जा सकते हैं।

(a) शनिवार (b) शुक्रवार (c) सोमवार (d) रविवार

हल : अवधेश = {शुक्रवार, शनिवार, सोमवार}

ललित = {बुधवार, शुक्रवार, रविवार}

मनीष = {सोमवार, शुक्रवार, शनिवार}

चूकि शुक्रवार को तीनों खाली रहते है, अत: इसी दिन तीनों एक साथ सिनेमा देखने जा सकते है।

## प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न

**1. A, B, C, D और E पाँच बच्चे हैं। इनमें B, E से लम्बा है, किन्तु A से छोटा है। A, C से छोटा है, पर D से लम्बा है, जबकि D, B से लम्बा है। यदि सभी बच्चों को एक पंक्ति में लम्बाई घटते क्रम के अनुसार खड़ा किया जाए, तो लम्बाई के अनुसार चौथे नम्बर पर कौन होगा?**

(a) A (b) E (c) D (d) B

**2. A, B से छोटा है लेकिन C से लम्बा है, D, A से छोटा है लेकिन C से लम्बा है, E, B से छोटा है लेकिन A से लम्बा है। सबसे छोटा व्यक्ति कौन है ?**

(a) B (b) C (c) A (d) D

**3. S, K, M, A, R पाँच मित्र हैं। लम्बाई में S, K से छोटा है लेकिन R से लम्बा है। M सबसे लम्बा है। 'A' लम्बाई में K से थोड़ा सा कम है और S से थोड़ा सा लम्बा है। यह बताइए कि वह कौन सा व्यक्ति है जिससे दो व्यक्ति लम्बे हैं और दो व्यक्ति छोटे हैं ?**

(a) R (b) S (c) K (d) A

**4. A, B से बड़ा है परन्तु C से छोटा है। D, E से छोटा है परन्तु A से बड़ा है। यदि C, D से छोटा हो तो सबसे बड़ा कौन है?**

(a) A (b) C (c) D (d) E

**5. सचिन, कपिल से लम्बा है। अमर, प्रभात से लम्बा है परन्तु कपिल जितना लम्बा नहीं है। प्रबोध, सचिन से लम्बा है तो इनमें से सबसे छोटा कौन है ?**

(a) प्रभात (b) कपिल (c) सचिन (d) अमर

**6. नगीना, पुष्पा से लम्बी है परन्तु मनीषा जितनी लम्बी नहीं है। रामा, नमीता से लम्बी है परन्तु पुष्पा जितनी लम्बी नहीं है। सबसे लम्बी कौन है ?**

(a) मनीषा (b) पुष्पा (c) नमीता (d) नगीना

**7. पांच गाँव में से भुंगारका, अकबरपुर की अपेक्षा छोटा है, नंगली, सिमली की अपेक्षा बड़ा है तथा भुगारका, मूलोदी से बड़ा है परन्तु इतना बड़ा नहीं है जितना सिमली अकबरपुर से बड़ा है, सबसे बड़ा गॉव कौन सा है ?**

(a) नंगली (b) अकबरपुर (c) सिमली (d) मूलोदी

**8. A,B,C,D और E आपस में मित्र हैं। A, B से छोटा है, परन्तु E से लम्बा है। C सबसे लम्बा है। D, B से छोटा है और A से थोड़ा लम्बा है सबसे छोटा कौन है।**

(a) A (b) B (c) E (d) D

**9. देशबन्धु श्री निवास से छोटा है, लेकिन रणबीर से बड़ा है, मनोज, श्रीनिवास से बड़ा है, किन्तु अभिनव से छोटा है। अंजलि, अभिनव से छोटी है, लेकिन देशबन्धु से बड़ी है। बताइए इनमे सबसे छोटा / छोटी कौन है?**

(a) देशबन्धु (b) अंजलि (c) सुशील (d) रणबीर

**10. पाँच मित्रों में मोहित, सतीश से लम्बा है परन्तु जयन्त जितना लम्बा नहीं है। जयन्त, शंकर एवं मनीष से लम्बा है। शंकर सतीश से छोटा है परन्तु सबसे छोटे से लम्बा है तो ऊचाईयों के अवरोही क्रम में चौथा कौन है ?**

(a) मोहित (b) सतीश (c) मनीष (d) none

**11. पाँच मित्रों में मोहन, राज से बड़ा है परन्तु ललित जितना बड़ा नहीं है, ललित नीलेश व कबीर से बड़ा है। नीलेश, राज से छोटा परन्तु**

सबसे छोटा नहीं है तो आयु के घटते क्रम से चौथा कौन है ?

(a) मोहन (b) राज (c) कबीर (d) निलेश

**12.** अक्षय, शरद से छोटा है, शरद, रवि से बड़ा है परन्तु सुमित जितना बड़ा नहीं है, राजन पाँच मित्रें में आयु के क्रम में तीसरा है तो सबसे छोटा कौन है ?

(a) अक्षय (b) शरद (c) रवि (d) आकड़े अधुरे है

**13.** आम का पेड़, नारियल के पेड़ के जितना लम्बा है। केला का पेड़, ताड़ के पेड़ से छोटा है। अमरूद का पेड़, केला के पेड़ से छोटा है परन्तु आम के पेड़ से बड़ा है। कौन सा पेड़ सबसे बड़ा है ?

(a) आम (b) केला (c) अमरूद (d) ताड़

**14.** A लम्बा है E से, B लम्बा है D से, F लम्बा है C से, D लम्बा है A से और E लम्बा है F से, तो उनमें सबसे लम्बा कौन है ?

(a) D (b) A (c) B (d) F

**15.** A, B, C, D और E पांच नदियां है। A नदी B से छोटी है परन्तु E से लम्बी है। C सबसे लम्बी है और D, B से थोड़ी छोटी है और A से थोड़ी लम्बी है। सबसे छोटी नदी कौन सही हैं

(a) B (b) D (c) A (d) E

**16.** अशोक, महेश, से लम्बा है। धर्मा, महेश एवं मीरा से लम्बा है, तो बतायें कि इनमें सबसे छोटा कौन है ?

(a) महेश (b) मीरा (c) अशोक (d) तय नहीं कर सकते

**17.** राकेश प्रकाश से छोटा है, परन्तु नलिन से बड़ा है। अमित सुरेश से बड़ा है, परन्तु कौशल से छोटा है। इनमें सबसे छोटा कौन है की स्थिति प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए कथनों में से कौन- सा निश्चित रूप से सत्य है।

(A) सुरेश, प्रकाश से छोटा है। (B) नलिन, कौशल से बड़ा है

(a) केवल (A) (b) केवल (B)

(c) केवल (A) या (B) (d) न तो (A)और न ही (B)

**18.** राजू, भोलू से आयु में बड़ा पर कालू से छोटा है। पूजा, उतनी बड़ी नहीं है, जितनी की सीता है पर कालू से बड़ी है। उन सबमें सबसे अधिाक आयु का कौन है।

(a) पूजा (b) कालू (c) भोलू (d) सीता

**19.** ऊषा लम्बी है महेश से पर उतनी लम्बी नहीं जितना सुरेश। सुरेश नाटा है खान से जोकि उतना लम्बा नहीं है, जितना सुभाष। उस समूह में सबसे लम्बा कौन है।

(a) सुभाष (b) ऊषा (c) महेश (d) खान

**20.** गोकलगढ़, बीकानेर से बड़ा है। बीकानेर, नयागांव से बड़ा है। रामपुर इतना बड़ा नहीं है जितना बीकानेर है, परन्तु जमुनापुर से बड़ा है। नयागांव इतना बड़ा नहीं है, जितना जमनापुर है। सबसे छोटा कौन सा है ?

(a) जमुनापुर (b) गोकलगढ़ (c) रामपुर (d) नयागांव

**21.** राजू बड़ा है रिंकू से, परन्तु राजेश से छोटा है। महेश से छोटा राजेश है। रिकूं, हिमांशी से बड़ा है। हिमांशी छोटी है, राकेश से, जो रिकूं से छोटा है। इनमें से सबसे बड़ा कौन है?

(a) राजू (b) राजेश (c) हिमांशी (d) महेश

**22** लीलावती कलावती से छोटी है। किन्तु, उतनी नहीं जितनी फूलवती छोटी है। सोमवती, पुष्पवती से छोटी हैं, लेकिन कलावती से बड़ी है। इन सबमें सबसे छोटी कौन है?

(a) लीलावती (b) कलावती (c) फूलवती (d) पुष्पवती

**23.** यदि A, B से लम्बा है परन्तु C से नाटा है तथा B उतना ही लम्बा है जितना कि D है परन्तु E से लम्बा है, तब D है -

(a) उतना ही लम्बा जितना कि A (b) C से लम्बा

(c) B से नाटा (d) A से नाटा

**24.** सुरेश अनिल से भारी है परन्तु राजू जितना भारी नहीं है। अनिल, जयेश से भारी है। कृष्ण, सुरेश से भारी है परन्तु राजू से हल्का है। इनमें से कौन सबसे भारी है।

(a) अनिल (b) कृष्ण (c) राजू (d) सुरेश

**25.** पाँच नवजात बच्चों का वजन डॉक्टर ने तोला। अपनी रिर्पोट में उसने कहा,' A, B से हल्का है, C, D से हल्का है B, D से हल्का है परन्तु E से भारी है तो कौन-सा बच्चा सबसे भारी है ?

(a) E (b) D (c) C (d) A

**26.** P , Q , R और T एक परीक्षा में बैठे। परिणामों में 'Q' के तत्काल पीछे 'P' था, किंतु 'P' के बाद कोई नहीं था। 'R', 'Q' से आगे था, किंतु उतने अंक प्राप्त नहीं कर सका, जितने 'T' ने किए, दूसरे नंबर पर कौन रहा ?

(a) P (b) Q (c) R (d) T

**27.** दीपक नितिन से ज्यादा कार्य करता है। आलोक, रजत जितना कार्य करता है, पंकज, अली से कम कार्य करता है। अली नितिन से ज्यादा एवं दीपक से कम कार्य करता है, नितिन, आलोक से ज्यादा कार्य करता है तो सबसे ज्यादा कार्य कौन करता है ?

(a) दीपक (b) नितिन (c) अली (d) आलोक

**28.** एक परीक्षा में राज को मोती की अपेक्षा अधिक अंक मिले किन्तु इतने नहीं जितने की मीना को। मीना को गणेश और रुपाली से अधिक अंक मिले। गणेश को मोती से कम मिले, पर सबसे कम नहीं। अंको के बढ़ते क्रम में दूसरे स्थान पर सबसे कम नहीं। अंकों के बढ़ते क्रम में दूसरे स्थान पर कौन है ?

(a) मीना (b) गणेश (c) राज (d) रुपाली

**29.** प्रीति ने दीपक से ज्यादा अंक प्राप्त किये। उपासना ने दिव्या के समान अंक प्राप्त किये। रेखा ने मन्जू से कम अंक प्राप्त किये, दीपक ने उपासना से ज्यादा अंक प्राप्त किये, मन्जू के दिव्या से कम अंक प्राप्त किये तो सबसे कम अंक किसने प्राप्त किये?

(a) मन्जू (b) उपासना (c) रेखा (d) दीपक

**30.** बिल्लू को सुरेश की अपेक्षा इतिहास में अधिक अंक मिले हैं, किन्तु संतोष से कम अंक मिले हैं। रमेश को हरेश की अपेक्षा कम, किन्तु राजेश से अधिक अंक मिले है। सन्तोष को राजेश से कम अंक प्राप्त हुए है। उन सबमें किसको सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए।

(a) सन्तोष (b) बिल्लू (c) रमेश (d) हरेश

**31.** किसी स्टोर में 5 वस्तुओं A, B, C, D, E की कीमत अलग - अलग हैं। 'C' का मूल्य 100रू. है।. 'A' , 'C' से सस्ती है लेकिन 'B' से मँहगी है। 'E' , 'C' से मँहगी है लेकिन 'D' से सस्ती है तो यह बताइए कि कौन सा उत्पाद सबसे मँहगा है?

(a) D (b) E (c) B (d) A

**32. राम, श्याम से धनी है, किन्तु सोहन जितना धनी नहीं है जो रमेश की अपेक्षा गरीब है तब श्याम ?**

(a) सोहन से धनी है (b) सोहन जैसा गरीब है

(c) रमेश से गरीब (d) रमेश से धनी है

**33. राम व श्याम गोरे हैं। मार्टिन व क्लिमेंट काले हैं। श्याम व मार्टिन लम्बे हैं। राम व क्लिमेंट ठिगने हैं। बताओ गोरा व लम्बा कौन है**

(a) राम (b) श्याम (c) मार्टिन (d) क्लिमेंट

**34. रीमा , शीला और मेरी अच्छा नृत्य करती है। रेखा, लीना और रीमा अच्छा गाती है मेरी, रीमा ओर शीला अच्छी ड्राईंग बनाती है इनमें से तीनों कलाओं में निपुण कौन है।**

(a) मेरी (b) शीला (c) लीना (d) रीमा

**35. राम और श्याम दोनों ही फोटोग्राफर और कलाकार हैं, मोहन और श्याम दोनों ही फोटोग्राफर और नर्तक हैं, राम और विजय दोनों ही संगीतज्ञ और कलाकार हैं, यदि विजय और मोहन दोनों ही नर्तक और संगीतज्ञ हैं तो उस व्यक्ति का नाम बताओ जो कलाकार, फोटोग्राफर, संगीतज्ञ तीनों ही है ?**

(a) राम (b) मोहन (c) श्याम (d) विजय

**36. छः किताबें P, Q, R, S, T और U साथ-साथ रखी है। RQT नीले कॅवर की एवं बाकी लाल कॅवर की है केवल S एवं U किताबे ही नयी है। बाकी सभी पुरानी है। RPS विधि की है एवं शेष गजट ईयर की है तो कौन सी दो पुस्तकें पुरानी गजट ईयर की है जिनका कॅवर नीला है ?**

(a) Q और R (b) Q और T (c) Q और U (d) T और U

**37. सीता, मैरी, जैनी, रहीमा और हमीदा एक ट्रकिंग अभियान पर जाती है। आरम्भ में अभियान का नेतृत्व हमीदा करती है। प्रति दो किलोमीटर के बाद वे अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में नेतृत्व बदलती है । सोलह किलोमीटर के बाद नेतृत्व कौन संभालता है ?**

(a) जैनी (b) मैनी (c) रहीमा (d) सीता

**38. सीता, मालती, रेशमा, मैरी और कमला हिमालय क्षेत्र में एक लम्बी दूरी चलने के अभियान की व्यवस्था करती है। वे हर 5 किमी. के बाद अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में नेतृत्व बदलने तथा प्रति 10 किमी. के बाद एक घण्टा विश्राम करने का निश्चय करती हैं। कमला के नेतृत्व में चलना आरम्भ करके दूसरे पड़ाव के बाद नेतृत्व कौन सँभालेगा?**

(a) मालती (b) मैरी (c) रेशमा (d) सीता

## व्याख्या सहित उत्तर

1. (d) उनकी लंबाईयों का अनुक्रम निम्न अनुसार है -
C > A > D > B > E

2. (b) B > E > A > D > C

3.(d) M > K > A > S > R

4. (d) बड़े से छोटे के क्रम में - E > D > C > A > B

5. (a) स्थिति निम्नानुसार है -
प्रबोध > सचिन > कपिल > अमर > प्रभात

6. (a) भारी से हल्के के अनुक्रम में
मनीषा > नगीना > पुष्पा > रामा > नमीता

7. (a) बड़े से छोटा का क्रम इस प्रकार है -
नंगली > सिमली > अकबरपुर > भुगारंका > मूलोदी।

8. (c) लम्बे से छोटे →
C > B > D > A > E
अत: E सबसे छोटा है।

9. (d) इनको अवरोही क्रम में लिखने पर
श्रीनिवास > देशबन्धु > रणबीर ............(I)
अभिनव > मनोज > श्रीनिवास ........... (II)
अभिनव > अंजली > देशबन्धु ............... (III)
समीकरण (I), (II) और (III) से
सभी देशबन्धु से बड़ें है, किन्तु रणबीर देशबंधु से छोटा है।
अत: सबसे छोटा रणबीर है।

10. (d) जयन्त > मोहित > सतीश............. (I)
जयन्त > शंकर .............. (II)
जयन्त > मनीष ............ (III)
सतीश > शंकर ............. (IV)
समीकरण (I), (II), (II) और (IV) से
जयन्त > मोहित > सतीश > शंकर > मनीष
अत: ऊंचाई के अवरोही क्रम में चौथ शंकर होगा।

11. (d) ललित > मोहन > राज ............ (I)
ललित > निलेश .............(II)
ललित > कबीर ........... (III)
राज > निलेश > ....... ............. (IV)
समीकरण (I), (II), (II) और (IV) से
ललित > मोहन > राज > निलेश > कबीर
अत: उम्र के अवरोही क्रम में चौथ निलेश होगा।

12. (c) शरद > अक्षय..................................(I)
सुमित > शरद > रवि........................(II)
यहां दो स्थितियां प्राप्त होती है
सुमित > शरद > राजन > रवि > अक्षय
या सुमित > शरद > राजन > अक्षय > रवि

13. (d) आम = नारियल ...................... (I)
ताड़ > केला ............................ (II)
केला > अमरूद > आम ............ (III)
समीकरण (I), (II) और (III) से
ताड़ > केला > अमरूद > आम = नारियल
अत: ताड़ सबसे लम्बा पेड़ है।

14. (c) निम्न में लम्बाई का घटते क्रम से है
B > D > A > E > F > C
अत: सबसे लम्बा B है।

15. (d) कथनानुसार -
B > A > E ----------(I)
C > – > – > – > – ---------(II)
B > D > A --------(III)

अत: (I), (II) और (III) से,

C > B > D > A > E.

उपर्युक्त क्रम व्यवस्था में E सबसे छोटी नदी है।

16. (d) कथनानुसार –

अशोक > महेश ............... (I)

धर्मा > महेश एवं मीरा ............... (II)

अत: अशोक > धर्मा > महेश एवं मीरा

अब (I) और (II) से यह स्पष्ट नहीं होता है कि महेश और मीरा में से सबसे छोटा कौन है कारण है कि इन दोनों के बीच स्पष्ट सम्बन्ध नहीं झलक रहा है।

17. (c) निर्देशानुसार

प्रकाश > राकेश > नलिन ............. (I)

कौशल > अमित > सुरेश ................(II)

उपर्युक्त स्थिति में (I) और (II) में स्पष्ट सम्बन्ध नहीं है अत: इनमें सबसे छोटे की स्थिति प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित का होना जरुरी होगा –

(1) सुरेश > प्रकाश या प्रकाश < सुरेश

(2) नलिन > कौशल या कौशल < नलिन

18. (d) निर्देशानुसार

कालू > राजू > भोलू ............. (I)

सीता > पूजा > कालू ................(II)

अत: अब (I) व (II) से

सीता > पूजा > कालू > राजू > भोलू

उपर्युक्त क्रम व्यवस्था में सीता सबसे बड़ी है।

19.(a) लम्बाई के अवरोही क्रम में लिखने पर

सुरेश > ऊषा > महेश ................(I)

सुभाष > खान > सुरेश ...............(II)

समीकरण (I) व (II) से

सुभाष > खान > सुरेश > ऊषा > महेश

अत: सुभाष सबसे लम्बा है।

20.(d) गोकलगढ़ > बीकानेर > रामपुर > जमनापुर > नयागांव

21.(d) निम्न क्रम से हैं।

हिमांशी < राकेश < रिकूं < राजू < राजेश < महेश

अत: सबसे बड़ा महेश है।

22. कलावती > लीलावती > फुलवती (प्रथम कथन)

पुष्पवती > सोमवती > कलावती > लीलावती > फुलवती

अत: सबसे छोटी फुलवती है।

23.(d) C > A > BD > E

24. (c) भारी से हल्के के अनुक्रम में

राजू > कृष्ण > सुरेश > अनिल > जयेश

25. (b) बच्चों का भार भारी से हल्के के अनुक्रम में –

D > C > B > E > A

26. (c) अंकों की स्थिति ऊपर से नीचे इस प्रकार है –

T > R > Q > P ऊपर → नीचे

27. (a) दीपक > अली > पंकज > नितिन > आलोक = रजत

अत: दीपक सब से अधिक कार्य करता है।

28. (b) रुपाली < गणेश < मोती < राज < मीना

29. (c) प्रीति > दीपक .................. (I)

उपासना = दिव्या ................. (II)

मन्जू > रेखा ................. . (III)

दीपक > उपासना .................. (IV)

दिव्या > मन्जू .................. (V)

समीकरण (I), (II), (III), (IV) और (V) से

प्रीति > दीपक > उपासना = दिव्या > मन्जू > रेखा

अत: रेखा ने सबसे कम अंक प्राप्त किये।

30.(d) उनको अंक मिलने का क्रम निम्न प्रकार से है

संतोष > बिल्लू > सुरेश ..............(I)

हरेश > रमेश > राजेश ........... (II)

राजेश > संतोष .............(III)

समीकरण (I), (II) व (III) से

हरेश > रमेश > राजेश > संतोष > बिल्लू > सुरश

अत: हरेश को सबसे ज्यादा अंक मिले।

31. (a) कीमत महंगे से सस्ते की ओर

→ D > E > C > A > B

32. (c) धनी से गरीब का क्रम-रमेश, सोहन, राम, श्याम।

33. (b) (a) राम – गोरा, ठिगना (b) श्याम – गोरा, लम्बा

(c) मार्टिन – काला, लम्बा (d) क्लीमेंट – काला, ठिगना

अत: गोरा व लम्बा श्याम है।

34. (d) नृतिका – रीमा, शीला, मेरी गायक – रेखा, लीना, रीमा

ड्राईंग – मेरी, रीमा, शीला

तीनों में उभयनिष्ठ रीमा है।

35. (a) राम – फोटोग्राफर, कलाकार, संगीतज्ञ

श्याम – फोटोग्राफर, कलाकार, नर्तक

मोहन – फोटोग्राफर, संगीतज्ञ, नर्तक

विजय – संगीतज्ञ, कलाकार, नर्तक

अत: राम ही फोटोग्राफर, कलाकार और संगीतज्ञ है।

36. (b)

| P | Q | R | S | T | U |
|---|---|---|---|---|---|
| लाल | नीला | नीला | लाल | नीला | लाल |
| पुरानी | पुरानी | पुरानी | नयी | पुरानी | नयी |
| विधि | ग.ईयर | विधि | विधि | ग.ईयर | ग.ईयर |

37. (c) उनका नेतृत्व का अनुक्रम निम्न प्रकार से होगा

जैनी, मैरी, रहिमा, सीता, हमीदा, जैनी और मैरी

अत: 16 किलोमीटर चलने के बाद रहिमा नेतृत्व करेगी।

38.(d) दूसरा पड़ाव 20 किलोमीटर पर खत्म होगा।

अत: दूसरा पड़ाव खत्म होने पर रेशमा नेतृत्व कर रही होगी, उसके बाद सीता की बारी होगी।